CATALYST COLLEGE
(A Unit of Vijayam Educational Trust, A registered Non-Profit Charitable Trust)
Affiliated to Patliputra University,Patna

कैटलिस्ट कॉलेज के नये सत्र का धमाकेदार आगाज हुआ बापू सभागार में

मोटिवेशन और ऊर्जा से भरपूर रही कैटलिस्ट कॉलेज का पहली क्लास

कार्यक्रम में सुदेश लहरी के कॉमेडी से हँसते-हँसते लोटपोट हुये लोग

विवेकानंद पर एकल नाटक के साथ ही आयोजित हुई संगीतमय मोटीवेशनल टॉक-शाला

कैटलिस्ट कॉलेज द्वारा नये सत्र में नामांकित छात्रों के स्वागत के लिए **'शुभारंभ 2022'** नामक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कैटलिस्ट कॉलेज द्वारा आज 'बापू सभागार, अशोका कन्वेन्शन सेंटर, गांधी मैदान के निकट, पटना' में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 3:00 बजे से हुआ तथा कार्यक्रम शाम तक चला। इस कार्यक्रम में कुल तीन सत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। उदघाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि बिहार सरकार की उपमुख्यमंत्री श्रीमती रेणु देवी मौजूद थीं। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए वॉलीबुड से जाने-माने फिल्म कलाकार, पार्श्व गायक तथा कॉमेडी जगत की दुनिया से जाने-माने कलाकार आये थे तथा उन्होने अपनी प्रतिभा से उपस्थित हजारों लोगों का मनोरंजन किया।

कार्यक्रम का उदघाटन बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री श्री श्रीमती रेणु देवी एवं अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। वहीं इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुये बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री श्रीमती रेणु देवी ने कहा कि मैं कैटलिस्ट कॉलेज के छात्रों को उनकी प्लेसमेंट की सफलता पर बधाई देती हूँ। कैटलिस्ट कॉलेज के छात्रों की उपलब्धि प्रशंसनीय है। उन्होने कहा कि कैटलिस्ट कॉलेज के छात्र जॉब डिमांड नहीं करते, बल्कि जॉब कमांड करते हैं। यह बदलते हुये बिहार की तस्वीर को परिलक्षित करता है।

इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री सी॰पी॰ठाकुर ने भी कैटलिस्ट कॉलेज की उपलब्धि की तारीफ की तथा छात्रों को अपनी शुभकामनायें दी। साथ ही पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के वी॰सी॰ प्रो॰डॉ॰ आर॰ के॰ सिंह ने भी कैटलिस्ट कॉलेज के छात्रों की उपलब्धि की तारीफ की तथा छात्रों को अपनी शुभकामनायें दी।

इसके पूर्व पहले सत्र में कैटलिस्ट कॉलेज के निदेशक नीरज अग्रवाल ने छात्रों को संबोधित किया। उन्होने छात्र जीवन में अनुशाषन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होने छात्रों को जीवन में बड़ा लक्ष्य बनाने तथा उसके प्रति निष्ठापूर्वक समर्पित होने की बात कही। उन्होने छात्रों को अपने प्रेरक वक्तव्य से प्रेरित किया तथा अगले तीन साल तक पढ़ने तथा सीखने एवं विभिन्न स्किल्स डेवलप करने पर ज़ोर दिया। इसके पूर्व कैटलिस्ट कॉलेज के डीन नीरज पोद्दार ने छात्रों का कॉलेज में स्वागत किया तथा उन्हे कॉलेज की परंपरा से परिचित कराया।

दूसरे सत्र में जाने-माने बॉलीवुड अभिनेता श्री अखिलेन्द्र मिश्रा का कार्यक्रम हुआ। अखिलेन्द्र मिश्रा चर्चित TV सीरियल 'चंद्रकांता' में 'क्रूर सिंह' की भूमिका निभाते थे। उन्होने कई बॉलीवुड फिल्मों जिससे 'लगान', भगत सिंह इत्यादि में भी अभिनय किया है। अखिलेन्द्र मिश्रा 'रंगमंच परंपरा' मुंबई के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद पर आधारित अपने एकल नाटक 'स्वामी विवेकानंद का पूनपार्ठ' का खूबसूरत मंचन किया, जिसका लेखन तथा निर्देशन भी अखिलेन्द्र मिश्रा ने ही किया है। उन्होने अपने अभिनय से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया तथा लोगों को खूब तालियाँ बटोरी।

तीसरे सत्र में देश के जाने माने कॉमेडियन श्री सुदेश लहरी के कॉमेडी का कार्यक्रम आयोजित हुआ। उन्होने अपने कॉमेडी से लोगों को हँसते-हँसते लॉट-पोट कर दिया। उन्होने अपनी भाव भंगिमा तथा अपने अभिनय से लोगों की खूब तालियाँ बटोरी। उन्होने विभिन्न गायकों तथा कलाकारों की नकल उतार कर उपस्थित दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। सुदेश लहरी देश के जाने-माने स्टैंड-अप कॉमेडियन हैं तथा उन्होने सलमान खान के साथ 'रेडी' फिल्म में अपने कॉमेडी से लोगों का खूब मनोरंजन किया है। उन्होने 'ग्रेट इंडियन लाफ़्टर चैलेंज', कॉमेडी नाइट्स, कपिल शर्मा शो तथा कई अन्य कार्यक्रमों में अपनी कॉमेडी से लोगों का मनोरंजन किया है। TV पर सुदेश लहरी तथा कृष्णा की जोड़ी काफी फेमस है।

चौथे सत्र में देश के प्रतिष्ठित पार्श्वगायक श्री पदमजीत सेहरावत ने दिवंगत गायक के०के० की याद में भावभीनी संगीतमय श्रद्धांजलि दी तथा मोटिवेशनल म्यूजिकल टॉक शाला प्रस्तुत किया | साथ ही उन्होने अपनी प्रेरणादायी कविताओं को भी ओजपूर्ण अंदाज मे श्रोताओं को सुनाया | उन्होने अपनी संगीतमय प्रस्तुति के माध्यम से गीतों, कविताओं तथा संगीत का ऐसा संसार रचा, जो प्रेरणा से भरपूर था तथा जिसने वहाँ उपस्थित जनसमुदाय को ऊर्जान्वित कर दिया | उन्होने ‘पल रहे या ना रहे पल, केसरिया, एक प्यार का नग्मा है, कितने बाजू कितने सर, गिन ले दुश्मन ध्यान से’ तथा अन्य गाने गए और छात्रों तथा उपस्थित जनसमुदाय को अपने साथ थिरकने पर मजबूर कर दिया |

इस अवसर पर बिहार पुलिस के डी०जी० ट्रेनिंग श्री आलोक राज ने भी अपने गीतों के माध्यम से दिवंगत गायक के०के० की याद में भावभीनी संगीतमय श्रद्धांजलि दी तथा अपने गायन से लोगों का मनोरंजन किया |

इस अवसर पर पटना हाईकोर्ट के माननीय न्यायधीश संदीप शाही, पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री सी०पी०ठाकुर, भीखू भाई दलसानिया – संगठन महामंत्री, बिहार प्रदेश भाजपा, राजीव रंजन – वरीय नेता (जदयु), पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के वी०सी०आर० के० सिंह, सुरेश रुंगटा – कार्यालय प्रभारी – बिहार भाजपा, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ०राकेश कुमार सिंह, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के पूर्व वी०सी० डॉ० अरुण अग्रवाल, मिथिलेश मिश्रा (आई०ए०एस०) चेयरमैन – बिहार स्टेट एजुकेशनल फ़ाईनांशियल कॉर्पोरेशन, बिहार पुलिस के डी०जी० ट्रेनिंग श्री आलोक राज तथा विभिन्न गणमान्य लोग मौजूद थे तथा कैटलिस्ट कॉलेज की सह-निदेशिका मेघा अग्रवाल तथा डीन नीरज पोद्दार, एच०ओ०डी० नीतीश रोहतगी एवं अमित शुक्ला भी मौजूद थे |